विश्व वानिकी दिवस की पूर्व संध्या पर अग्रवाल महाविद्यालय में पौधारोपण कर जागरूकता अभियान चलाया गया

आज दिनांक 20 मार्च 2025 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता के कुशल दिशा-निर्देशन में तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में "अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस /विश्व वानिकी दिवस" की पूर्व संध्या पर पौधारोपण कर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य वनों और पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सस्टेनेबल गोल्ड डेवलपमेंट क्लब के वॉलिंटियर्स के द्वारा किया गया। इस आयोजन के अवसर पर सर्वप्रथम डॉ देवेंद्र ने सभी वॉलिंटियर्स को वृक्षों तथा वनों के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। वन हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता, मानव जीवन, आर्थिक विकास में वनों का अतुलनीय योगदान रहा है और रहेगा। इसी योगदान को साकार करते हुए इस अवसर पर सभी वॉलिंटियर्स ने शपथ ली कि "हम वनों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुट रहेंगे तथा लिए हम सब मिलकर वनों को बचाएंगे और एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।" महाविद्यालय के अलग-अलग कोनों को जरूरत के अनुसार चिन्हित कर सतत विकास क्लब के वॉलिंटियर्स द्वारा हरित वातावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण के इस कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों तथा सतत विकास क्लब के वॉलिंटियर्स का वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. के एल कौशिक ने उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कर सतत विकास क्लब के गठन तथा उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रामचंद्र, एसडीजी क्लब के कोऑर्डिनेटर श्री सुभाष कैलोरिया और मैडम नेहा गोयल तथा व पवन दलाल का विशेष योगदान रहा।